भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2870
28.03.2022 को उत्तर देने के लिए

भारत में धन-संपत्ति और आय की असमानता

2870. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में धन-संपत्ति और आय की असमानता का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार देश में धन-संपत्ति और आय की असमानता पर नियमित रूप से साक्ष्य संकलित करने की योजना बना रही है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) और (ख): धन-संपत्ति और आय की असमानता से संबंधित आंकड़े केंद्रीय रूप से संकलित नहीं किए जाते हैं। तथापि, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा एकत्रित घरेलू उपभोक्ता व्यय आंकड़े उपभोक्ता व्यय के संदर्भ में आय की असमानता को कैप्चर करने के लिए एक परोक्षी के रूप में उपयोग किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय प्रति वर्ष "राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी" प्रकाशित करता है, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान, राष्ट्रीय आय इत्यादि शामिल हैं।

******